माउंगानुई में,
देखें स्टार स्पोर्ट्स
नेटवर्क पर
p11

नवभारत टाइम्स

www.nbt.in

(...क माथ प्रसारित) › रविवार, 2 फरवरी 2020 › माघ 13 शक संवत 1941 माघ शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत 2076 | पेज 22 › | मूल्य सिर्फ 4.00 रु. | facebook.com/nbtlucknow › twitter.com/nbtlucknow | Vol.2 no.32

दिन 2000 विजेता जीतेंगे ₹1000 (कम से कम 1000 रुपये के खर्च पर) के कूपन... वाउचर्स। अपने पॉइंट्स को बदलें 5X TIMESPOINTS में। इन टाइम्सपॉइंट्स से आप जीत सकते हैं शानदार इनाम।
सारे जवाब इसी अंक में ढूंढें। प्रतियोगिता सुबह 7 AM से 11 AM तक खुलती है।
www.nbthappytimes.com

Q1 निर्भया के किस दोषी की दया याचिका खारिज? › पढ़ें › Q2 न्यूजीलैंड टेस्ट से कौन भारतीय क्रिकेटर बाहर हुआ? › खेलें › क्विज में हिस्सा लेने के लिए एसएमएस करें <शहर>A1<स्पेस><जवाब 1><स्पेस>A2<स्पेस><जवाब 2> और भेज दें 8745966662 पर। › जीतें

केंद्र को भायी यूपी की ओडीओपी, किसानों की आमदनी बढ़ेगी

मलिहाबाद का आम, प्रतापगढ़ का आंवला और प्रयागराज का अमरूद पूरे देश में पहुंचेगा

Anand.Tripathi
@timesgroup.com

लखनऊ : परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी-2018 में यूपी सरकार द्वारा शुरू की गई एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना को अब केंद्र सरकार भी अपनाएगी। केंद्र सरकार यूपी की इस योजना के मॉडल का इस्तेमाल किसानों की आय बढ़ाने के लिए करेगी। शनिवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने एक उत्पाद, एक जिला नीति का ऐलान किया। इसके जरिए बागवानी क्षेत्र में मार्केटिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र की योजना से मलिहाबाद में आम, प्रतापगढ़ में आंवला, प्रयागराज में अमरूद जैसे फलों की बागवानी करने वाले किसानों की आय दोगुनी हो सकेगी।

जूता और फर्नीचर उद्योग को फायदा : वित्तमंत्री ने जूते और फर्नीचर पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का ऐलान किया है। इसका सबसे ज्यादा लाभ यूपी के शहरों मसलन कानपुर, आगरा के जूता कारोबारियों को मिलेगा। इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने से विदेश से आने वाले जूतों की कीमत बढ़ेगी। इससे कानपुर और आगरा में बनने वाले जूतों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी। वहीं सहारनपुर, बरेली और लखीमपुर खीरी को फर्नीचर उद्योग का हब माना जाता है। यहां बनने वाले फर्नीचर की डिमांड पूरे देश में रहती है। इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने से इन शहरों के फर्नीचर की पूरे देश में मांग बढ़ेगी।

सांस्कृतिक पर्यटन स्थल बनेगा हस्तिनापुर : मेरठ के करीब स्थित पौराणिक नगरी हस्तिनापुर को सांस्कृतिक शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। पांडवों की राजधानी रही हस्तिनापुर में राष्ट्रीय संग्रहालय बनाकर इसे पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। हस्तिनापुर में संग्रहालय बनाने की मांग दशकों से की जा रही थी। अब बजट में इसकी घोषणा के बाद रोजगार की संभावनाओं को बल मिलेगा।

17 जिलों में बनेंगे एयरपोर्ट : बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित उड़ान योजना का लाभ भी यूपी को मिलेगा। इस योजना के तहत पूरे देश में 100 एयरपोर्ट विकसित किए जाने हैं। इनमें यूपी के 17 मंडलों में एयरपोर्ट बनाने की योजना है। उड़ान योजना के तहत ही आजमगढ़ और सोनभद्र में एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है।

›› देखें पेज : 2,3 भी

इन योजनाओं का भी लाभ मिलेगा

01 लाख किसानों की मदद की जाएगी कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा पंप लगाने में

08 महत्वाकांक्षी जिलों में आयुष्मान योजना का लाभ देने के लिए अस्पताल बनेंगे

40 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे यूपी में

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में साफ हवा मुहैया करवाने की योजना का सबसे अधिक लाभ यूपी को मिलेगा। यूपी के 9 शहर इस दायरे में आएंगे।

“ जूते और फर्नीचर पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ने का सीधा फायदा कानपुर-आगरा की शू इंडस्ट्री को होगा। बजट में घोषित कई योजनाओं का लाभ यूपी को मिलेगा।

–प्रो. यशवीर त्यागी, पूर्व अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

यूपी में सारी ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन से दौड़ेंगी

लखनऊ : यूपी की सभी रेलवे लाइनों पर अगले तीन वर्षों में इलेक्ट्रिक इंजनों से ही ट्रेन संचालन होगा। बढ़ते प्रदूषण के कारण डीजल इंजनों को ट्रैक से हटाने की योजना को अब अमलीजामा पहनाया जा सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में रेलवे की इस योजना को हरी झंडी दिखा दी। इसके अलावा यूपी जिन योजनाओं को मंजूरी दी गई है उनमें डबलिंग, आमान परिवर्तन व विद्युतीकरण शामिल है।

सीतारमण ने रेलवे के लिए नौ बिंदुओं पर ही घोषणाएं कीं। इनमें से कई घोषणाएं पुराने रेलमंत्रियों की हैं, जिन्हें नए सिरे से रंगरोगन किया गया है। मानवरहित रेल फाटकों को बंद करने की अंतिम तारीख 31 मार्च 2020 पहले से ही तय है। लेकिन वित्त मंत्री ने अपनी अहम घोषणाओं में इसे शामिल कर दिया है।

वहीं, देश भर की 22,000 किमी रेलवे लाइन में से यूपी की करीब 500 किमी लाइन को विद्युतीकृत किया जाएगा। यह काम करने में करीब तीन साल लगेंगे। इसके बाद प्रदेश की सभी ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन से चलने लगेंगी। अफसरों के मुताबिक, इसके लिए केंद्र सरकार कितना पैसा देगी, अगले हफ्ते पता चलेगा।

NAV Bharat Times page 1 - 2/2/20